Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding change of name of Dhulkot Railway Station to Geeta Nagri

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र अम्बाला के धुलकोट रेलवे स्टेशन की ओर दिलाना चाहता हूं, जोकि बहुत पुराना रेलवे स्टेशन है। जिसके नजदीक वीर जी की कुटिया 10 एकड़ में बनी हुई है, जिसे गीतानंद महाराज जी द्वारा स्वयं बसाया गया था। यहां इस कुटिया में दूर-दराज से लाखों लोग सत्संग सुनने आते हैं। धुलकोट रेलवे स्टेशन नजदीक होने के कारण लोगों का आना-जाना लगातार बना रहता है। यह कुटिया और धुलकोट रेलवे स्टेशन गीता नगरी नामक स्थान पर बसे हुए हैं। जब आज देश और विदेश में गीता का प्रचार बढ़ रहा है और लोग गीता की ओर आकर्षित हो रहे हैं, ऐसे में इस श्रद्धा केन्द्र का महत्व और बढ़ जाता है।

मैं सदन में मांग करता हूं कि धुलकोट रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर गीता नगरी रखा जाए। धन्यवाद।